

**कोच को धैर्य रखना चाहिए था**

श्रीलंका के कोच मिकी आर्थर को खेल के अंतिम लम्हों में हताशा में इशारे करते हुए देखा गया लेकिन मुरलीधरन ने कहा कि कोच को धैर्य रखना चाहिए था और अपना संदेश नए कप्तान तक पहुंचाना चाहिए था। मुरलीधरन ने कहा, मैंने आपसे पहले ही कहा था कि अगर श्रीलंका 10–15 ओवर में तीन विकेट चटका लेता है तो भारत को जूझना पड़ेगा और असल में भारत को जूझना पड़ा।

## हमारी टीम जीतना भूल गई है : मुथैया मुरलीधरन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि श्रीलंका की मौजूदा क्रिकेट टीम पिछले कुछ वर्षों में भूल गई है कि जीत कैसे दर्ज की जाती है। मुरलीधरन ने जोर देते हुए कहा कि देश में इस समय खेल मुश्किल हालात से गुजर रहा है।
श्रीलंका की टीम नए कप्तान दासुन शनाका की अगुआई में मंगलवार को भारत के खिलाफ नौ विकेट पर 275 रन के स्कोर का बचाव करने में विफल रही। भारत ने सात विकेट पर 193 रन गंवाने के बावजूद तीन विकेट और पांच गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। मुरलीधरन ने कहा, मैंने पहले भी आपसे कहा है, श्रीलंका की टीम जीतने का तरीका भूल गई है, पिछले इतने वर्षों में वे भूल गए हैं कि जीत कैसे दर्ज की जाती है। यह उनके लिए मुश्किल समय है क्योंकि उन्हें नहीं पता कि जीत कैसे हासिल की जाती है। लेग स्पिनर वानिंदु हसारंगा ने तीन विकेट चटकाए जिससे 35.1 ओवर में भारत का स्कोर सात विकेट पर 193 रन हो गया था लेकिन शनाका ने अंतिम ओवरों के गेंदबाजी के लिए अपने ओवर बचाकर बड़ी गलती की।

# हमने चैंपियन टीम की तरह जवाब दिया, ये शानदार था

**क्रिकेट**

### सीरीज जीत के बाद कोच राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंगरूम में दिया स्पेशल स्पीच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। श्रीलंकाई दौरे पर टीम इंडिया कोच राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में खेल रही है। भारतीय टीम ने मंगलवार को मेजबान को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। इस जीत में पेसर दीपक चाहर का अहम रोल रहा जिन्होंने बल्ले से शानदार पारी खेली। जीत के बाद द्रविड़ ने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूप में स्पेशल स्पीच दिया। द्रविड़ ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की। बीसीसीआई ने द्रविड़ का ड्रेसिंग रूम वाला वीडियो अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है।
वीडियो द्रविड़ खड़े होकर टीम इंडिया के खिलाड़ियों को स्पीच दे रहे हैं और सभी खिलाड़ी उनकी बातों को गौर से सुन रहे हैं। कई वर्षों तक टीम इंडिया की दीवार रहे द्रविड़ ने अपनी स्पीच में कहा,



हमने चैंपियन टीम की तरह जवाब दिया। ये शानदार था। भले ही हम सही दिशा में खत्म नहीं करते। यह लड़ाई हमारे लिए बहुत अहम थी। आप सभी ने शानदार काम किया।
भारत की वनडे इतिहास में श्रीलंका पर यह ओवरऑल 93वीं जीत है। टीम इंडिया ने इस दौरान पाकिस्तान के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने श्रीलंका के खिलाफ अब तक सबसे अधिक 92 वनडे मैच जीते थे। वीडियो में टीम इंडिया के उप कप्तान भुवनेश्वर कुमार भी जीत से बहुत खुश दिखाई दिए। भुवी ने कहा, जिस पोजिशन से हमने मैच को अपने नाम किया वह काबिलेतारीफ है। खासकर दीपक ने अकेले अपने दम पर मैच का रूख पलटा। हमारे लिए यह अच्छा अहसास था।
वहीं अपने दूसरे वनडे में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव ने भी इसे शानदार करार दिया।
सूर्यकुमार का कहना था कि उनके पास अपनी खुशी को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। बकौल सूर्यकुमार, मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी का यह बेस्ट गेम था जिसका मैं हिस्सा रहा। भारती और श्रीलंका के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 23 जुलाई को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा।

# तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया में होगा खेलों के इस महाकुंभ का आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- ब्रिसबेन खेलों की मेजबानी के लिए चुना गया पहला शहर है
- आईओसी ने फरवरी को ब्रिसबेन को बातचीत का विशेष अधिकार दिया था

तोक्यो। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ब्रिसबेन को 2032 ओलंपिक की मेजबानी के लिए चुना है। ब्रिसबेन के खिलाफ किसी शहर ने मेजबानी की दावेदारी पेश नहीं की। इससे पहले मेलबर्न में 1956 में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया था। इसके बाद सिडनी में 2000 में ओलंपिक खेलों के महाकुंभ का आयोजन हुआ था।
ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मौरिसन ने अपने कार्यालय से आईओसी के मतदाताओं को 11 मिनट के लाइव वीडियो लिंक के दौरान कहा, हमें पता है कि ऑस्ट्रेलिया में सफल खेलों के आयोजन के लिए क्या करने की जरूरत है। ब्रिसबेन से पहले 2028 में लॉस एंजिलिस जबकि 2024 में पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को शुरू होने वाले तोक्यो खेलों से पूर्व बैठक में आईओसी सदस्यों के आधिकारिक मुहर लगाने से महीनों पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय शहर का मेजबान बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया था।
आईओसी ने फरवरी को ब्रिसबेन को बातचीत का विशेष अधिकार दिया था। इस फैसले से कतर, हंगरी और जर्मनी के ओलिंपिक अधिकारी सकते में थे क्योंकि उनकी स्वयं की दावेदारी की योजना पर पानी फिर गया था। नए बोली प्रारूप के तहत ब्रिसबेन खेलों की मेजबानी के लिए चुना गया पहला शहर है।
नए प्रारूप में आईओसी संभावित दावेदार से संपर्क करता है और निर्विरोध उनका चयन करता है। प्रचार अभियान के खर्चे को कम करने के अलावा आईओसी को अधिक नियंत्रण देने और मत खरीदने के खतरे को हटाने के लिए इस प्रक्रिया को तैयार किया गया है। ओलिंपिक स्पर्धाओं का आयोजन पूरे क्वीन्सलैंड राज्य में किया जाएगा जिसमें गोल्ड कोस्ट शहर भी शामिल है जिसने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी।

## आइसीसी वनडे रैंकिंग में शिखर धवन और चहल को हुआ फायदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में नाबाद 86 रन बनाने से शिखर धवन को आइसीसी वनडे रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। वह 712 रेटिंग प्वाइंट के साथ 16 वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पहले, टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली दूसरे और रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर हैं। इसके अलावा गेंदबाजों की बात करें तो टीम इंडिया के लेग स्पिनर युजवेंद्रा चहल को चार स्थान का फायदा हुआ है और वे 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं। श्रीलंकाई गेंदबाज वानिंदु हसरंगा ने लंबी छलांग लगाई है और वे 22 स्थानों की छलांग लगाकर 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रैंकिंग में जिम्बाब्वे और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की सीरीज, आयरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा मैच और श्रीलंका और भारत के बीच पहले दो एकदिवसीय मैचों को ध्यान में रखा गया। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी आठ पायदान के फायदे से 39वें, आयरलैंड के सिमी सिंह छह पायदान के फायदे से 51वें और जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी 23 पायदान के फायदे से 70वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## न्यूज डायरी



### श्रीलंकाई कोच मिकी आर्थर ने कप्तान पर ऐसे निकाला गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शिखर धवन की कप्तानी वाली भारतीय टीम श्रीलंका दौरे पर अभी तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन कर रही है। टीम इंडिया ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को 3 विकेट से पराजित कर अपना अजेय अभियान जारी रखा है। भारत की वनडे इतिहास में श्रीलंका पर यह ओवरऑल 93वीं जीत है। टीम इंडिया ने इस दौरान पाकिस्तान के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने श्रीलंका के खिलाफ अब तक सबसे अधिक 92 वनडे मैच जीते थे। दूसरे वनडे में अधिकांश समय श्रीलंकाई टीम का पलड़ा भारी था लेकिन दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार की सूझबूझ भरी पारियों से टीम इंडिया ने मेजबान टीम के जबड़े से जीत छीन ली। चाहर ने अपने वनडे करियर का पहला अर्धशतक लगाया। मैच के आखिरी समय में जब श्रीलंकाई गेंदबाजों की टीम इंडिया के पुछल्ले बल्लेबाज धुनाई कर रहे थे उस समय ड्रेसिंग रूम में बैठे मेजबान टीम के कोच मिकी आर्थर के चेहरे पर नाराजगी साफ देखी जा रही थी। जब मैच खत्म हुआ तो आर्थर ने मैदान पर आकर कप्तान दासुन शनाका जमकर खरी खोटी सुनाई।

### प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हुआ भारतीय तेज गेंदबाज, मैच के बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम विराट कोहली की कप्तानी में इस वक्त इंग्लैंड के दौरे पर है। अगले महीने से टीम इंडिया के मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना है। इस सीरीज की शुरुआत से पहले भारतीय टीम स्थानीय टीम काउंटी सलेक्ट इलेवन के खिलाफ एक प्रैक्टिस मैच खेल रही है। इस मैच के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान चोटिल गए। चोट की वजह से अब वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इस मैच के दौरान भारतीय गेंदबाज आवेश खान को चोटिल होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। आवेश इंग्लैंड के दौरे पर भारत के नेट्स गेंदबाज के तौर पर चुने गए हैं। काउंटी इलेवन टीम के चोट और कोविड–19 से जुड़े क्वारंटाइन के कारण अपने खिलाड़ियों को गंवाने के बाद भारत के दो खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। आवेश खान और वाशिंगटन सुंदर इस मैच में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड की इस टीम की ओर से अपने ही देश की टीम के खिलाफ खेलने उतरे।

### दीपक चाहर ने कहा– टोक्यो में तिरंगा लहराना है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज को अपने नाम किया। दीपक ने मैच के बाद उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने गई भारतीय टीम का हौसला बढाते हुए उनको शुभकामना संदेश दिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बुधवार को दीपक का एक वीडियो शेयर किया है। इस में वह टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने गए सभी भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए। उन्होंने तमाम भारवासियों को भी अपने खिलाड़ियों का साथ देने की गुजारिश की। दीपक ने वीडियो संदेश में कहा, जब 130 करोड़ इंडियंस का साथ होगा तब ओलंपिक में जरूर कुछ खास होगा। आओ इनका हौसला बढ़ाते हैं टोक्यो में तिरंगा लहराते हैं। कमऑन इंडिया लेट्स चीयर फॉर इंडिया।

### तोक्यो ओलिंपिक में भारत के 127 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खेलों के महाकुंभ ओलिंपिक के लिए भारत ने अपना अब तक का सबसे बड़ा दल तोक्यो में भेजा है। भारत की ओर तोक्यो ओलिंपिक 2020 में 127 एथलीट हिस्सा लेंगे। 23 जुलाई से 8 अगस्त तक चलने वाले इस ओलिंपिक में भारत को शूटिंग, रेसलिंग, वेटलिफ्टिंग और बैडमिंटन आदि में पदक की उम्मीद है। पिछले कुछ ओलिंपिक की तरह इस बार भी इस महाकुंभ में हरियाणा और पंजाब के एथलीटों की संख्या सबसे ज्यादा है। इन दोनों राज्यों की भारत की कुल जनसंख्या में भागीदारी 4.4 प्रतिशत है। बावजूद इसके हरिणा और पंजाब से कुल 50 एथलीट इस बार तोक्यो में अपनी किस्मत आजमाते हुए नजर आएंगे। इनमें हरियाणा के 31 और पंजाब के 19 खिलाड़ी शामिल हैं।